# कोरबा जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी

## साकेत भवन, नगर पालिक निगम,कोरबा (छ.ग.)

## रजगामार सड़क पर जिला जेल के समीप नवनिर्मित कनवेंशनल हॉल को 11 माह की अवधि हेतु किराये पर देने हेतु इकरारनामा की शर्तें

01. रजगामार सडक पर जिला जेल के समीप नवनिर्मित कनवेंशनल हॉल जिसका मानचित्र ऑनलाईन संलग्न है, जिसमें उक्त भवन का विस्तृत विवरण अंकित है।

02. निविदाकार को अपनी ऑनलाईन निविदा में उपरोक्त भवन का उपयोग किस उद्देश्य के लिए करना चाहता है, स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

03. निविदा हेतु व्यक्ति/फर्म/संस्थान द्वारा सुरक्षा राशि रू. 13,08,000/– (तेरह लाख आठ हजार रूपये) जमा कर निविदा में हिस्सा लिया जा सकता है। निविदा सुरक्षा राशि टी.डी.आर./एफ.डी.आर./ बैक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के माध्यम से जमा की जा सकेगी एवं निविदा प्रपत्र राशि रू. 1000/– जमा का डी.डी. स्केपन कॉपी ऑनलाइन अपलोड करने के उपरांत केडीपीयूएसएस कार्यालय में स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 27.12.2024 को दोपहर 3.00 बजे तक प्रेषित करना होगा।

04. निविदा हेतु प्री–बिड की बैठक दिनांक 19.12.2024 समय दोपहर 12.00 बजे से 1:00 बजे तक नगर पालिक निगम,कोरबा के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

05. अनुबंध अवधि 11 माह की होगी।

06. निविदाकर्ता 11 माह की अनुबंध अवधि के लिए परिसर को यथा स्थिति सम्पूर्ण संधारण एवं संचालन हेतु मासिक किराया देने हेतु निविदा आफर देगा।

07. निविदाकर्ता को परिसर के सम्पूर्ण संचालन एवं संधारण हेतु उच्चतम मासिक किराया रूपये. 10,90,000/– (दस लाख नब्बे हजार रूपये) निर्धारित न्यूनतम सरकारी बोली के ऊपर किराये का ऑनलाईन ऑफर देना होगा।

08. 11 माह की अवधि समाप्ति के पश्चात दोनों पक्षों की सहमति पर अनुबंध आगामी अवधि जो भी निर्धारण किया जावे के लिए नवीनीकरण सक्षम स्वीकृति पश्चात की जा सकेगी किन्तु न्यूनतम 5% किराया में वृद्धि अनिवार्य रूप से की जावेगी, अन्यथा स्थिति में अनुबंधकर्ता द्वारा अनुबंध की अवधि समाप्ति पर परिसर का आधिपत्य संधारित स्थिति में कोरबा जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी, जिला–कोरबा को वापस करना होगा।

09. निविदा के साथ जमा सुरक्षा राशि की रसीद की फोटो प्रति संलग्न करना होगा, साथ ही लिफाफे पर जमा सुरक्षा राशि का रसीद क्रमांक एवं दिनांक का उल्लेख करना होगा।

10. निविदा दिनांक 11.12.2024 तक ऑनलाईन ई प्रोक्यूरमेंट के माध्यम से डाली जावेगी। निविदा में सुरक्षा राशि एवं निविदा प्रपत्र शुल्क दिनांक 27.12.2024 को दोपहर 3.00 बजे तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही निगम के केडीयूपीएसएस कार्यालय में प्रेषित करना होगा। निविदा दिनांक 27.12.2024 सायं 04.00 बजे खोली जावेगी।

11. किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सक्षम प्राधिकारी, होगा तथा इसके लिए कोई कारण बताना अनिवार्य नहीं होगा।

12. व्यक्ति/फर्म/संस्थान के ऑफर स्वीकृति की सूचना के 30 दिवस के अंदर 03 माह का अग्रिम किराया कोरबा जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी, जिला–कोरबा कोष में जमा कर सोसायटी से निर्धारित 100–100 के दो नग स्टाम्प पेपर प्रस्तुत कर इंकरारनामा पंजीयन अनुबंध संपादित कराना होगा।

